# गुरैया के रमना में जमीन का बड़ा खेल

## दो एकड़ में 46 प्लाट, 25 हजार वर्गफुट शासकीय जमीन हड़पने का आरोप

## राजस्व विभाग की मिलीभगत पर सवाल, खरीददारों से धोखाधड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा (मनीष गड़करी)

जिले में अवैध कॉलोनियों पर सख्ती के प्रशासनिक दावों के बीच जमीनी हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। छिंदवाड़ा तहसील के ग्राम गुरैया पंचायत के गुरैया रमना क्षेत्र में सामने आया मामला न केवल अवैध प्लॉटिंग का है, बल्कि इसमें शासकीय भूमि पर कब्जा कर उसे बेचने जैसे गंभीर आरोप भी लगे हैं। इस पूरे प्रकरण ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली और उसकी निष्पक्षता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, गुरैया रमना क्षेत्र में तनवीर आलम द्वारा निजी भूमि खसरा नंबर 67/2, 73 और 72/2 में कॉलोनी विकसित की गई। आरोप है कि इस कॉलोनी के विस्तार के दौरान उससे सटी शासकीय भूमि खसरा नंबर 74 को भी शामिल कर लिया गया। इतना ही नहीं, इस सरकारी जमीन को भी निजी बताकर प्लॉट काटे गए और भोले-भाले खरीदारों को बेच दिए गए। खरीदारों को न केवल गुमराह किया गया बल्कि उन्हें शासकीय भूमि पर ही कब्जा भी दिला दिया गया।

### पीड़ितों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

इस पूरे मामले में प्लॉटधारक कैलाश माहोरे पिता करणलाल माहोरे सहित कई अन्य लोगों ने कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में स्पष्ट तौर पर आरोप लगाया गया है कि कॉलोनाइजर ने धोखाधड़ी करते हुए शासकीय भूमि को निजी बताकर प्लॉट बेचे हैं। आवेदकों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



### सरकारी जमीन पर कब्जे की आशंका

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि प्लॉटिंग का कुल रकबा 77 हजार वर्गफुट तक पहुंच गया है, तो स्पष्ट है कि कॉलोनी विकसित करने के लिए अतिरिक्त जमीन का उपयोग किया गया है। यही वजह है कि इस मामले में लगभग 25 हजार वर्गफुट से अधिक शासकीय भूमि को कॉलोनी में शामिल किए जाने की आशंका जताई जा रही है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि इसी शासकीय भूमि पर सड़क और नाली जैसी सुविधाएं दिखाकर कॉलोनी को व्यवस्थित बताया गया, जबकि असल में यह पूरा खेल सरकारी जमीन पर कब्जा कर उसे निजी उपयोग में लेने का है।

### राजस्व विभाग की भूमिका संदिग्ध

मामले में सबसे गंभीर पहलू राजस्व विभाग की भूमिका को लेकर सामने आया है। शिकायत के बाद जब मौके की जांच की गई, तो आरआई और पटवारी द्वारा केवल औपचारिक नपाई कर खानापूर्ति कर दी गई। ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि राजस्व अमले की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा घोटाला संभव ही नहीं है। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच की जाए तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदे, लेकिन अब उन्हें पता चल रहा है कि जिस जमीन पर उनका कब्जा है, वह सरकारी हो सकती है। ऐसे में उनके सामने भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### आंकड़े ही खोल रहे हैं घोटाले की परतें

गुरैया रमना में विकसित की गई इस कॉलोनी का कुल रकबा लगभग 2 एकड़ यानी करीब 88,203 वर्गफुट बताया जा रहा है। इस जमीन पर कुल 46 प्लॉट काटे गए हैं, जिनका कुल रकबा लगभग 77,446 वर्गफुट है। अब सवाल यह उठता है कि शेष बची जमीन, जो कि करीब 10 हजार वर्गफुट है, उसमें सड़क, नाली और अन्य बुनियादी सुविधाएं कैसे विकसित की जा सकती हैं? कॉलोनी विकास के नियमानुसार, कुल भूमि का एक बड़ा हिस्सा सड़क, नाली और ओपन स्पेस के लिए छोड़ा जाना अनिवार्य होता है। आमतौर पर दो एकड़ की कॉलोनी में लगभग 30 से 32 हजार वर्गफुट जमीन इन सुविधाओं के लिए सुरक्षित रखी जाती है। ऐसे में यहां केवल 10 हजार वर्गफुट में यह सब संभव होना तकनीकी रूप से असंभव माना जा रहा है।





### जनता की मांग, भूमाफिया तनवीर पर कसा जाए शिकंजा

इस पूरे मामले को लेकर पीड़ितों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि

- कॉलोनी की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए
- शासकीय भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए
- कॉलोनाइजर तनवीर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया जाए
- लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई हो

### प्रशासन की चुप्पी से बढ़ी नाराजगी

हालांकि मामला कलेक्टर तक पहुंच चुका है, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पीड़ितों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि जिले में कई जगहों पर इसी तरह की अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं, लेकिन प्रशासन केवल कागजों में कार्रवाई दिखाकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है।

### नियमों की खुलेआम अनदेखी

कॉलोनी विकसित करने के लिए नगर एवं ग्राम निवेश और राजस्व विभाग के स्पष्ट नियम हैं, जिनके तहत सड़क, नाली, पानी निकासी और ओपन स्पेस जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करना अनिवार्य होता है। लेकिन गुरैया रमना की इस कॉलोनी में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई है। यह स्थिति न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि भविष्य में यहां रहने वाले लोगों के लिए भी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती है, जैसे जलभराव, संकरी सड़कें और मूलभूत सुविधाओं का अभाव।

### बड़ा सवाल- क्या थमेगा अवैध कॉलोनियों का खेल?

गुरैया रमना का यह मामला केवल एक कॉलोनी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे जिले में चल रहे अवैध प्लॉटिंग के नेटवर्क की ओर इशारा करता है। यदि प्रशासन ने इस मामले में सख्त रुख नहीं अपनाया, तो आने वाले समय में शासकीय जमीनों पर कब्जे और धोखाधड़ी के ऐसे मामले और बढ़ सकते हैं।

# दिनदहाड़े बाजार में खड़ी बाइक की डिक्की से 1 लाख पार

## मंदिर की पवित्रता भंग दान पेटी तोड़कर नगदी ले उड़े चोर, सौंसर में बढ़ रहा है चोरों का आतंक



**सौंसर।** नगर में इन दिनों बदमाशों चोरों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे है। रात के अंधेरे के साथ-साथ अब दिनदहाड़े भी भीड़भाड़ वाले इलाकों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। पिछले 24 घंटों के भीतर नगर में हुई दो बड़ी घटनाओं ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

### घटना 1: शिव मंदिर की दान पेटी पर हाथ साफ

बीती रात वार्ड क्रमांक 13, पटेल कॉलोनी (छिंदवाड़ा मार्ग) स्थित शिव मंदिर परिसर में चोरों ने धावा बोला। चोरों ने शिव मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें जमा नकदी उड़ा ली। सुबह जब वार्ड वासियों ने टूटी हुई पेटी देखी, तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को मंदिर के आसपास शराब की खाली बोतलें भी पड़ी मिलीं, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि नशेडियों ने इस वारदात को अंजाम दिया होगा।

### घटना 2: व्यस्त बाजार में डिक्की से 1 लाख पार

दूसरी बड़ी वारदात नगर के व्यस्ततम एरिया सिविल लाइन की है। जायसवाल कॉम्प्लेक्स के सामने खड़ी एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल की डिक्की से चोर ने 1 लाख रुपये की राशि पार कर दी। जानकारी के अनुसार निमनी निवासी श्री ठाकरे अपनी गाड़ी हीरो होंडा स्प्लेंडर की डिक्की में रकम रखकर कपड़े खरीदने दुकान में गए थे। बताया जा रहा है कि डिक्की का लॉक खराब होने के कारण वह ठीक से बंद नहीं थी। श्री ठाकरे जब वापस आए तो डिक्की खुली हुई और गाड़ी से पैसे नदारत थे, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में एक युवक डिक्की से पैसे निकालकर जाते हुए साफ दिखाई दे रहा है। पीड़ति ने सौसर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद में मौके पर पहुंचकर पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल करते हुए सीसीटीवी के फुटेज को कंगाल कर सर्चिंग पूछताछ की जा रही है।

### घटना 3: खेत के पास से मोटरसाइकिल चोरी

चोरी का सिलसिला यहीं नहीं थमा, बीते सप्ताह ग्राम कुड़ड़म के पास से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला भी सामने आया है। पीड़ति नरेंद्र गजभिये ने बताया कि उन्होंने अपनी स्प्लेंडर गाड़ी (क्रमांक एमपी 28 एमबी 9814 कुड़ड़म रोड किनारे खड़ी की थी और खेत में काम करने गए थे। जब वे वापस लौटे तो गाड़ी गायब थी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से नगरवासियों में डर और असुरक्षा का माहौल है। नागरिकों का कहना है कि पुलिस की रात्रि गश्त बढ़ानी चाहिये,लोगों ने मांग की है कि संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाई जाए और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाए।

### इनका कहना है

सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उईके का कहना है कि सिविल लाइन में मोटरसाइकिल की डिक्की से 1 लाख रुपये चोरी होने की शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदेही की तलाश कर रही है। नगर में पुलिस गश्त और सर्चिंग बढ़ा दी गई है, जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

# अवैध कॉलोनी निर्माण पर नगर निगम की सख्ती, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

शहर में अवैध कॉलोनियों के निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए कुछ भू-स्वामियों को नोटिस जारी किया है। संबंधित व्यक्तियों द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र खापाभाट, कुसमेली और सोनाखर क्षेत्रों में बिना अनुमति अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित की गई हैं तथा उन्हें छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित कर अन्य लोगों को बेचा या हस्तांतरित किया जा रहा है।

यह कृत्य संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है, जिसमें दोषी पाए जाने पर 3 से 7 वर्ष तक का कारावास तथा 10 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। जांच में यह भी सामने आया है कि कॉलोनी विकास के लिए न तो कॉलोनाइजर लाइसेंस लिया गया और न ही रेरा पंजीयन, भूमि




डायवर्जन सहित अन्य आवश्यक अनुमतियां प्राप्त की गईं।

नगर निगम द्वारा संबंधित व्यक्तियों को पूर्व में भी सूचना दी गई थी, लेकिन न तो कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त हुआ और न ही अवैध निर्माण एवं प्लॉट बिक्री पर रोक लगाई गई। इसके चलते अब पुनः अंतिम नोटिस जारी कर तत्काल प्रभाव से सभी अवैध गतिविधियों को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा में जवाब प्राप्त न होने या निर्देशों का पालन न करने की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। आयुक्त महोदय द्वारा लगातार अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है, जिससे कॉलोनाइजरों में भय का माहौल बना हुआ है।

नगर निगम आयुक्त ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी भूमि या प्लॉट की खरीद-फरोख्त करने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति और नगर निगम से स्वीकृति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

# नगर निगम की कार्रवाईः शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया, गुमठियां व ठेला जब्त



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त सी. पी. राय के निर्देशानुसार नगर निगम की टीम ने परासिया रोड स्थित परतला वार्ड क्रमांक 01 में कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर उसे मुक्त कराया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने अवैध कब्जों को हटाते हुए भूमि को पुनः शासकीय उपयोग हेतु सुरक्षित किया। इसके पश्चात नगर निगम अमले ने नागपुर रोड स्थित शराब दुकान के सामने से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए चार गुमठियां एवं एक हाथ ठेला जब्त किया। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करें।

# 24 घंटे में पुलिस का खुलासाः नाबालिगों सहित तीन आरोपियों ने हमला कर घर व संपत्ति में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर गंभीर आपराधिक मामले का खुलासा कर मुख्य आरोपी सहित दो नाबालिगों को पकड़ लिया। यह मामला भूमि विवाद से जुड़ा हुआ है, जिसमें मारपीट और आगजनी की घटना सामने आई।

प्रार्थी सुभद्रा बेलवंशी (42 वर्ष), निवासी ग्राम मोयारी, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी भूमि को लेकर भादू यदुवंशी से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते भादू यदुवंशी के साले रामकिशन नागवंशी तथा दो नाबालिगों ने 4 अप्रैल 2026 की देर रात उनके घर पर हमला किया।

उस समय सुभद्रा और उनके पति इन्दू बेलवंशी आंगन में सो रहे थे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठियों से दोनों पर जानलेवा हमला किया, जिससे उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं।हमले के बाद जान बचाने के लिए दंपत्ति



मौके से भाग गए। इसके बाद आरोपियों ने आंगन में खड़ी नई हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल, घर में रखे 3-4 क्विंटल मक्का, चारा-भूसा तथा मकान में आग लगा दी, जिससे पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित कर तत्काल जांच शुरू की गई।

एफएसएल टीम की मौजूदगी में घटनास्थल का निरीक्षण कर जले हुए अवशेष, मोटरसाइकिल, माचिस की डिब्बी और अन्य साक्ष्य जब्त किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी रामकिशन नागवंशी ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

पुलिस ने 6 अप्रैल 2026 को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया। वहीं, दोनों नाबालिग आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर संप्रेक्षण गृह भेजा गया।इस पूरी कार्रवाई में जुन्नारदेव पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिससे मामले का शीघ्र खुलासा संभव हो सका।

## गौड़ खनिज पर नियंत्रण के लिए बनी टास्क फोर्स में वन विभाग भी है शामिल

# रेतमाफिया बेखौफः धाड़ नदी से हो रहा अवैध रेत उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

बीते दिनों कलेक्टर हरेंद्र नारायण की अध्यक्षता में गौण खनिज से संबंधित टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान एसपी अजय पांडेय भी मौजूद थे।

कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध निरंतर और संयुक्त रूप से अभियान चलाया जाए।रेत के अवैध उत्खनन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस, खनिज, राजस्व, वन एवं परिवहन विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर नियमित निरीक्षण एवं आकस्मिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए



गए।लेकिन तामिया तहसील में रेत की चोरी अधिकारियों के संरक्षण में लगातार जारी है। इस अवैध उत्खनन से न केवल राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि वन क्षेत्र की नदियों का स्वरूप भी बिगड़ रहा है और कई स्थानों पर रेत लगभग समाप्त हो चुकी है।रेत बेचने के लालच में अवैध खननकर्ता अधिकारियों को मोटी रकम देकर नए-नए ठिकाने खोज रहे हैं। ऐसा ही एक गंभीर मामला तामिया बफर जोन से सटे देलाखारी क्षेत्र का सामने आया है, जहां वन सीमा से जुड़ी धाड नदी रेत माफिया का नया केंद्र बन गई है। यहां वन विभाग के मैदानी कर्मचारियों की मिलीभगत से दिन-दहाड़े रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है।स्थिति यह है कि नदी में ट्रैक्टरों से रेत निकालने के स्पष्ट निशान पुल से ही देखे जा सकते हैं, लेकिन वन विभाग के कर्मचारियों को यह नजर नहीं आता। ग्रामीणों के अनुसार, रेत भरने के लिए उन्हें प्रति ट्रॉली 240 रुपये दिए जाते हैं, जिससे उन्हें सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अब जिम्मेदारी तामिया, देलाखारी और बफर जोन में तैनात वन कर्मियों की बनती है कि वे धाड नदी में हो रहे इस अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करें और इसे रोकें। हालांकि, ऐसी उम्मीद कम ही नजर आती है, क्योंकि इसी संरक्षण में यह अवैध गतिविधि लगातार जारी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**
क्रमांक/680/न.पा./राजस्व/2026
जुन्नारदेव दिनांक 7/4/2026

**आम-सूचना आपत्ति इश्तेहार**

एतद्‌ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के स्वामित्व की बाजार क्षेत्र की दुकान में से दुकान क्र. 49 भूतल तल की दुकान (संतोष जैन पिता स्व कोमल प्रसाद जैन) में आवेदिका श्रीमति किरण जैन पति स्व. संतोष जैन निवासी बोरदेही तहसील आमला जिला बैतूल के द्वारा दुकान नामांतरण / अन्तरण हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण सह अभिलेख के साथ अंतरण पत्र हेतु दिनांक 29.01.26 को प्रस्तुत किया है। उक्त दुकान वर्तमान में श्री संतोष जैन पिता स्व कोमल प्रसाद जैन के नाम से दर्ज है, जो आवेदक को अन्तरण हेतु आंवटित व्यक्ति की मृत्यु उपरांत उनकी आश्रित पत्नी के द्वारा अपना नाम दर्ज करवाना चाहता है। उक्त दुकान की चतुर्थ सीमा निम्नानुसार है। उत्तर नपा स्वामित्व की दुकान एंव में दक्षिण में नगर पालिका की सीसी रोड एंव पूर्व में मो मुस्ताक खान की दुकान पश्चिम में सी सी रोड है।

प्रस्तुत आवेदन पत्र, अन्तरण विलेख-पत्र (मृत्यु प्रमाण पत्र) आधार पर उक्त दुकान का नामांतरण श्रीमति किरण जैन पति स्व. संतोष जैन के नाम पर किये जाने में यदि किसी व्यक्ति अथवा कोई हितबध्द पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों सहित कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि बाद किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव**
**जिला-छिन्दवाड़ा**

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## झिलमिली सहित आसपास के किसान हो रहे हैं परेशान, लंबी दूरी की समस्या को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

# झिलमिली से तीस किलोमीटर दूर बनाया गया गेहूं खरीदी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई मध्य प्रदेश में 10 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली गेहूं खरीदी के लिए सरकार ने 78 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा है। किसानों को राहत देने के लिए सरकार ने निर्देश दिया है कि उपार्जन केंद्र किसानों के पास में ही हो और बारदाने की किसी भी प्रकार की कोई कमी ना हो व भुगतान सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम के दिशा निर्देश दिए।

लेकिन चौरई ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम झिलमिली, माचागोरा,चीचगांव, सिहोरा माल,आमटा, चोरगांव, उमरिया सोमजी,के किसानों ने यह आरोप लगाया है कि कथित अधिकारी से वेयरहाउस मलिक की अच्छे संबंध होने के कारण बियर हाउस को फायदा पहुंचाने हेतु गेहूं खरीदी उपार्जन केंद्र झिलमिली से 30 किलोमीटर दूर झिलमिली छोड़ रंगीनखापा पर उपार्जन केंद्र बना दिया गया है।

लंबी दूरी के साथ साथ रंगीनखापा मार्ग पर लंबा घांट होने के कारण ट्रैक्टर ट्राली से उपज ले जाने पर ट्रैक्टर व अन्य लोडेड वाहन को घाट चढ़ने में काफी समस्या उत्पन्न होती है



जिससे किसान काफी आक्रोशित हो रहे है इस ओर अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है जिसे लेकर कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से पत्राचार कर यह मांग की गई खरीदी केंद्र पास में ही बनाया जाए और बताना चाहते है की इस प्रकार की विसंगति पूर्व में भी हुई है थी जिससे हमारे कमांड एरिया के कृषकों ने विरोध दर्ज कराया था। इसके पश्चात ही नजदीकी वेयर हाउस पर खरीदी केंद्र बनाया गया था यहां समुचित विषय की जिम्मेदारी पर अधिकारियों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता हैं और हमें हमारी समस्याओं के संबंध में आपसे पत्राचार करना पड़ रहा है क्षेत्र के किसानों का कहना यह है कि हमारी मांग अगर जल्द से जल्द पूरी नहीं की गई तो आने वाले दिनों में हमारे द्वारा चक्का जाम कर विरोध दर्ज किया जाएगा।

## स्वस्थ जीवन शैली ही अच्छे स्वस्थ का आधार



**छिंदवाड़ा।** विश्व स्वास्थ दिवस हर वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्धेश्य लोगों को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस विषय की जानकारी देने के लिए जन अभियान परिषद के समन्वयक अखिलेश जैन के मार्ग दर्शन मे छिंदवाड़ा विकास खंड के सेक्टर क्रमांक 3 की नवांकुर संस्था अपूर्वा फाऊंडेशन, ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति के द्वारा ग्राम कोटलबरी मे सबको स्वस्थ रखना हम सबका दायित्व थीम पर स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस आवसर पर श्यामल राव ने बताया की हर साल इस दिन एक विशेष थीम रखी जाती है, जो किसी खास स्वास्थ्य मुद्धे जैसे मानसिक स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, या पर्यावरण और स्वास्थ्य पर केंद्रित होती है। आज के समय में हम सीजनल फुड्स का सेवन समय पर ना करना, गलत खान-पान, जंक फुड का अधिक सेवन ,तनाव, शारीरिक गतिविधियों की कमी और प्रदूषण के कारण कई प्रकार की बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं, जिसकी रोकथाम केवल। हम आयुर्वेद पद्धतियों को अपनाकर ,संतुलित आहार लेकर ओर नियमित व्यायाम, मनोरंजन, पर्याप्त नींद लेनी, स्वच्छता को अपनाना, मानसिक तनाव से दूर रहकर ही इन गंभीर बीमारियों से निजात पा सकते है। इस अवसर पर संजय साहू ने कहा की, विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और एक स्वस्थ, खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है,जिसके लिए हमे सजग होना होगा। सी एच ओ साधना पाटिल ने शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को सम्पूर्ण टीकाकरण एच पी वी वेक्सीनेशन करने जोर दिया ताकि सात होने वाली गंभीर बीमारियों से बच सके। आयोजन को सफल बनाने मे प्रस्फूटन समिति कोटलबरी के अध्यक्ष राहुल अवस्थी,सचिव नेहा मिश्रा, सी एच ओ साधना पाटिल, ए एन एम, सरिता यादव, आशा सहयोगिनी मीना मालवीय, आशा कार्यकर्ता अनारवती साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता ईंदोरकर,सूर्यकांत ईंदोरकर, सी एम सी एल डी पी के छात्र शिवांगी साहू , रत्नमाला झरबड़े,लता वानखेड़े,स्वाती सार्वे, शुभम शर्मा, हरिराम कवड़ेकर,आलोक टांडेकर,साक्षी विशकर्मा सहित ग्रामीण जनो का सराहनीय सहयोग रहा।

## धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव। भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सोमवार, 6 अप्रैल 2026 को भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव द्वारा बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया।मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर पार्टी के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं एवं छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन किया गया। साथ ही भारत माता के चित्र का पूजन कर पार्टी के सिद्धांतों को याद किया गया।मुख्य कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में आयोजित हुआ, जहां पूर्व विधायक नथन शाह ने भाजपा के पितृ पुरुषों के योगदान पर प्रकाश डाला।

वहीं नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए देश और प्रदेश के विकास को स्वर्णिम काल बताया।कार्यक्रम में मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी, सपना पाल, नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, शिवकुमार राय, श्रीकिशन बैरिया, शंकर सेन, राजेश श्रीवास्तव, गौरव सिंह, मुकेश ऊइके, राजेंद्र यादव, महेंद्र सूर्यवंशी, रंजिता डहरिया, उर्मिला आम्रवंशी, प्रभा गुप्ता, किरण कपूर, विभा नागले, राजेंद्र सूर्यवंशी, अमित यादव, भूषण अरोरा सहित भाजपा के अनेक नेता, मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नगर मंडल के सभी बूथों पर भी स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया, जहां कार्यक्रम प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, सक्रिय सदस्य एवं बूथ समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। शाम के समय शहर के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई तथा मिष्ठान वितरण कर एक-दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई दी गई।

## बूथ से लेकर मंजरे-टोले तक कांग्रेस का विस्तार अभियान तेज



**तामिया।** संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत, सक्रिय और आक्रामक बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तामिया की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को विधानसभा प्रभारी गोविंद राय एवं जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके के नेतृत्व में आयोजित की गई। यह बैठक वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में आयोजित हुई, जिसमें संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने की ठोस रणनीति तैयार की गई।बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, जिला कांग्रेस प्रतिनिधियों, ब्लॉक एवं नगर पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सेवादल, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई एवं किसान कांग्रेस सहित सभी अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही।बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर से लेकर मंजरे-टोले तक कार्यकर्ताओं की बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके लिए चरणबद्ध कार्ययोजना बनाकर अलग-अलग स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं, ताकि निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूरे किए जा सकें।इस अवसर पर विधायक सुनील उईके ने कहा कि यदि हमें हमारे नेता कमलनाथ एवं नकुलनाथ की मंशा के अनुसार संगठन को वास्तव में मजबूत बनाना है तो छोटे-बड़े के भेदभाव को समाप्त कर हर कार्यकर्ता को जमीन पर उतरना होगा।

## महाविद्यालय में पानी का बोर सूखा, नगर पालिका अध्यक्ष ने बनाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में सोमवार को पानी का बोर अचानक सूख जाने के बाद विद्यार्थियों को पेयजल की समस्याओं का सामना करना पड़ा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एके टांडेकर द्वारा तत्काल की व्यवस्था महाविद्यालय में बनाई गई।

इसके बाद महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे से महाविद्यालय में पानी का बोर सूख जाने के चलते विद्यार्थियों को पेयजल की समस्या होने की सूचना दूरभाष पर दी गई।

इसके बाद तत्काल ही नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों की पेयजल समस्या को देखते हुए नगर पालिका से पानी का टैंकर पहुंचाया गया, जिसके बाद महाविद्यालय में पेयजल संबंधी समस्या समाप्त हुई। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा तत्काल की गई व्यवस्था के लिए महाविद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों ने नगर पालिका प्रशासन और अध्यक्ष को धन्यवाद दिया है। साथ ही नए बोर के होने तक महाविद्यालय में पेयजल हेतु पानी टैंकर दिए जाने की मांग भी की है।

## पाथरगांव में शोक की लहर: प्रमिला बाई रणदिवे का निधन, स्थानीय मोक्ष धाम में किया गया अंतिम संस्कार



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** क्षेत्र के पाथरगांव ग्राम में एक दुखद समाचार ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक गुणीराम रणदिवे (मुनीम) की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला बाई रणदिवे का 70 वर्ष की आयु में 7 अप्रैल की रात्रि लगभग 2 बजकर 15 मिनट पर निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।स्वर्गीय प्रमिला बाई रणदिवे अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और सामाजिक सहभागिता के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल में परिवार एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया। उनके निधन से न केवल रणदिवे परिवार बल्कि पूरे ग्राम पाथरगांव ने एक सम्मानित एवं स्नेही व्यक्तित्व को खो दिया है।परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार आज 7 अप्रैल को दोपहर 1 बजे पाथरगांव स्थित मोक्षधाम में किया गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं परिचित पहुंचे ।शोक संतप्त परिवार में खुरेंद्र रणदिवे, डॉ. महेंद्र रणदिवे, राजेंद्र रणदिवे सहित समस्त रणदिवे परिवार शामिल हैं, जो इस कठिन समय में गहरे दुःख से गुजर रहे हैं।ग्रामवासियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## कुएं में लगी मोटर पंप चोरी, घर में रखी बाइक भी धूं-धूं कर जली

# अज्ञात कारण से कच्चे मकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तिरोड़ी तहसील मुख्यालय से करीब 10 किमी. दूर सीमा पर बसे ग्राम धोबीटोला में सोमवार की देर रात तकरीबन 11 बजे के आस-पास एक कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई और कुछ ही मिनटों में पूरा मकान जलकर नष्ट हो गया। गनीमत की बात यह रही कि आगजनी से कोई जनहानि नहीं हुई किंतु पीड़ति परिवार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। उनके सिर से छत गायब हो गई है और परिवार बेघर हो गया है। आगजनी की घटना में एक दोपहिया वाहन भी धूं-धूं कर जल गया। आगजनी की घटना के दौरान यह भी पता चला है कि पीड़ति परिवार के कुएं से मोटर पंप भी चोरी हुआ है। ऐसे में चोरों के द्वारा ही आगजनी की घटना को अंजाम देने का अनुमान लगाया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार घटना धोबीटोला निवासी अमीर चंद सूर्यवंशी के निवास में घटित हुई है। मंगलवार की सुबह साढ़े 12 बजे धोबीटोला निवासी मुकेश दांद्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि जब पूरा परिवार खाना खाकर सोने की तैयारी में था तभी घर के एक हिस्से आग की लपटें उठती हुई देखी गई तो पड़ोसियों ने परिवार को सचेत किया और पूरे परिवार को घर से बाहर निकाला गया। मकान में लगी आग पर काबू पाने का हरसंभव प्रयास किया गया परंतु आग की लपटें इतनी तेजी से भड़की की चंद मिनट में ही सब कुछ जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने दमकल वाहन को भी सूचना दी लेकिन दुर्गम इलाके की घटना होने की वजह से दमकल भी समय पर घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाया। पीड़ति परिवार ने प्रशासन को आगजनी की सूचना देकर उचित मुआवजा और पक्की छत प्रदान की मांग की है।

## मां से बिछड़ा हिरण शावक सुरक्षित बचाया, ग्रामीण और डायल 112 की तत्परता से टली अनहोनी

हरिभूमि न्यूज लांजी।



किरनापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बम्हनगांव गांव में सोमवार शाम एक संवेदनशील और सराहनीय घटना सामने आई, जहां मां से बिछड़ा हिरण का शावक ग्रामीण की सतर्कता और डायल 112 की त्वरित कार्रवाई से सुरक्षित बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार, गांव के निवासी अक्षय पल्हारे अपने खेत में कार्य कर रहे थे, तभी उनकी नजर एक छोटे हिरण के बच्चे पर पड़ी, जो अकेला और घबराया हुआ इधर-उधर भटक रहा था। स्थिति को भांपते हुए उन्होंने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। समय रहते सूचना मिलने के कारण संभावित खतरे को टाला जा सका, क्योंकि आसपास आवारा कुत्तों का भी खतरा बना हुआ था।

सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम में आरक्षक क्रमांक 684 अनिल राणा, राहुल मात्रे एवं पायलट रविंद्र भंडारकर शामिल थे। उन्होंने सावधानीपूर्वक हिरण के शावक को सुरक्षित अपने कब्जे में लिया और उसे थाना लेकर आए। वहां उसे पानी पिलाकर प्राथमिक देखभाल की गई, जिससे शावक की स्थिति सामान्य हो सकी। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम तत्काल थाना पहुंची और शावक को अपने सुपुर्द लिया। अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए हिरण के बच्चे को सुरक्षित जंगल के क्षेत्र में छोड़ दिया, ताकि वह अपने प्राकृतिक आवास में लौट सके। इस घटना ने मानवता, सजगता और प्रशासनिक समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्रामीण, पुलिस और वन विभाग की इस संयुक्त पहल की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

## न्यायालय कलेक्टर के आदेश पर सीएमओ नगरपालिका ने कराया मामला दर्ज

# अवंती नगर एवं न्यू विवेकानंद कॉलोनी के कालोनाईजरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध

### अवंती नगर कमलेश नगपुरे, नीरज सोनी, संदेश मिश्रा व लीलम चंद सलामे

### न्यू विवेकानंद कालोनी में प्रबल मिश्रा व जितेन्द्र उर्फ जीतू नगपुरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** अपने घर का सपना देखने वाले नागरिकों व उपभोक्ताओं को सर्वसुविधायुक्त कालोनी का सपना दिखाकर प्लाट बेचने वाले तथाकथित कालोनाईजरों के खिलाफ उपभोक्ताओं द्वारा विगत 3 वर्षो से चलाई जा रही मुहिम आखिरकार अपने रंग में आना प्रारंभ हो गई है। इसी मुहिम के तहत कुछ माह पूर्व दो कालोनाईजरों के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी और इसी क्रम में 6 अप्रैल 26 को नगर में दो कालोनियों का अवैध रुप से निर्माण करने वाले 6 कालोनाईजरों के खिलाफ पुलिस थाना वारासिवनी में एफआईआर दर्ज की गई है।

**कमलेश नगपुरे, लीलचंद सलामे, नीरज सोनी व संदेश सोनी के खिलाफ हुए प्रकरण पंजीबद्धः** जानकारी अनुसार न्यायालय कलेक्टर बालाघाट में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक/0092/बी-121/2025-26 मौजा वारा तहसील वारासिवनी में पारित आदेश दिनांक 07 जनवरी 2026 के अनुसार वारासिवनी नगरीय क्षेत्र अंतर्गत मौजा सिकन्द्रा पट्टा हल्का नम्बर 31 तहसील वारासिवनी स्थित भूमि खसरा नम्बर 4/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1 रकबा 0.063 हेक्टेयर पर अवैध रूप से कालोनी विकास करने पर मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 (ग) (घ) के तहत 05 लाख रूपए अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुये मध्यप्रदेश नगरपालिका कालोनी विकास नियम 2021 के नियम 22 (3) एवं (4) के तहत अनावेदकों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किये जाने की अनुमति प्रदाय की गई थी। जिस पर नगरपालिका परिषद वारासिवनी के सीएमओ सूर्यप्रकाश उके द्वारा पत्र के आधार पर पुलिस थाना वारासिवनी में आरोपी कालोनाईजर कमलेश कुमार पिता भीकमसिंह नगपुरे निवासी लालपुर थाना रामपायली, लीलचंद पिता चमरा सलामे निवासी टेकाड़ी थाना वारासिवनी, नीरज पिता इन्द्रकुमार सोनी निवासी वार्ड नम्बर 12 वारासिवनी थाना वारासिवनी व संदेश पिता महेश्वर प्रसाद मिश्रा निवासी वार्ड नम्बर 04 वारासिवनी के खिलाफ अपराध क्रमांक 142/2026 धारा 318(4) बीएनएस 292(ब) मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1956 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इन कालोनाईजरों ने वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 3 में अवंती नगर कालोनी के नाम से कृषि भूमि पर प्लाटिंग कर उपभोक्ताओं को लुभावने सपने दिखा कर प्लाट बेच दिए थे, लेकिन उन उपभोक्ताओं को आज तक किसी भी प्रकार की सुविधा प्रदान नहीं की गई है।

**न्यू विवेकानंद कालोनी में प्रबल मिश्रा व जितेन्द्र उर्फ जीतू नगपुरे के खिलाफ हुआ प्रकरण पंजीबद्धः** वहीं दूसरे मामले में न्यायालय कलेक्टर बालाघाट में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक/0093/बी-121/2025-26 मौजा वारा तहसील वारासिवनी में पारित आदेश दिनांक 07 जनवरी 2026 के अनुसार वारासिवनी नगरीय क्षेत्र अंतर्गत मौजा वारा पट्टा हल्का नम्बर 26/1 तहसील वारासिवनी स्थित भूमि खसरा नम्बर 571/97/1/1/1/1 रकबा 0.110 हेक्टेयर(मूल खसरा नम्बर 571/97) पर बिना अवैध रूप से कालोनी विकास करने पर मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 (ग) (घ) के तहत 05 लाख रूपए अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुये मध्यप्रदेश नगरपालिका कालोनी विकास नियम 2021 के नियम 22 (3) एवं (4) के तहत अनावेदकों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किये जाने की अनुमति प्रदाय की गई थी। जिस पर नगरपालिका परिषद वारासिवनी के सीएमओ सूर्य प्रकाश उके द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर आरोपी के रुप में कालोनाईजर प्रबल मिश्रा निवासी वार्ड नम्बर 03 वारासिवनी थाना वारासिवनी व जितेन्द्र उर्फ जीतू नगपुरे निवासी शिवधाम वारासिवनी थाना वारासिवनी के खिलाफ अपराध 143/26 धारा 318(4) बीएनएस, 292(ब) मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।



**उपभोक्ताओं को दिखाएँ थे लुभावने सपनेः** इन दोनों आरोपियों ने बालाघाट मार्ग पर विवेकानंद कालोनी के पीछे न्यू विवेकानंद कालोनी के नाम से दूसरे की भूमि पर प्लाटिंग कर उपभोक्ताओं को लुभावने सपने दिखाकर प्लाट बेचे और बाद में मकान भी बना कर दिए। लेकिन उनको किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई। जिसके बाद इस कालोनी के उपभोक्ताओं ने नगरपालिका, एसडीएम व कलेक्टर तक अपनी आवाज बुलंद की और आखिरकार कलेक्टर बालाघाट ने इन दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किए और 3 माह बाद इन सभी आरोपियों के खिलाफ सीएमओ के आवेदन पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**धोखाधड़ी व बेईमानी की धाराओं में दर्ज हुए प्रकरणः** पुलिस द्वारा दर्ज धाराओं में से बीएनएस की धारा 318(4), जो भादवि की धारा 420 के स्थान पर लागू हुई हैं, में धोखाधड़ी और बेईमानी से संबंधित है, जिसें 7 वर्ष तक के कारावास व जुर्माने का प्रावधान है। वहीं मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1956 की धारा 292 बी में बिना पंजीकरण के कालोनी का निर्माण करने पर 3 से 7 साल तक की सजा और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

इन दोनों मामलों में अब आरोपी कालोनाइजरों को जमानत करवानी पड़ेगी और न्यायालय में प्रकरण का सामना करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सम्मेलन 9 अप्रैल को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों के लिए 'मासिक सैनिक सम्मेलन' का आयोजन दिनांक 09 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। यह सम्मेलन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर, इंद्रहंस नगर, फेस-द्धद्ध, प्लॉट नं. 33, हाउस नं. 1297, ज्यारत नाका, अकबर वार्ड, सिवनी (म.प्र.) में आयोजित किया जाएगा। जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं (विधवाओं) एवं उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। सम्मेलन के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, कर्नल अमरेंद्र कुमार दास (से.नि.) द्वारा उपस्थित जनों की समस्याओं को सुना जाएगा एवं उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं निराकरण किया जाएगा।

### जिला जेल में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियानअंतर्गत निक्षय शिविर संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 06 अप्रैल को जिला जेल सिवनी में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती अंजली शाह के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. जयज काकोडिया के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। शिविर के दौरान पोर्टेबल हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से 119 कैदियों की चेस्ट एक्स-रे जांच की गई। इसके साथ ही सभी कैदियों की खंखार (स्पुटम) जांच एवं सी.वाई. टीबी जांच भी की गई।

### हिंदु एकता बिषय को लेकर विभिन्न जातियों वर्ग की बैठक संपन्न

**केवलारी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान मे दिनांक 5 अप्रैल को संत तुलसीदास हायर सेकेण्डरी स्कूल मे सभी जाति समाज के प्रबुद्ध जनो की उपास्तिथी मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर मंच पर मंचासीन प्रवीण मिश्रा, संजय अग्रवाल पलारी, मुलचंद यादव केवलारी की उपास्तिथी मे आयोजित बैठक मे बाल गोविंद पाठक, राजेश बघेल गणेश लाल झारिया के द्वारा उपास्तिथ सज्जनों का परिचय ओर दायित्व से परिचय करवाया। समाजिक सद्भाव एकता बिषय को लेकर आयोजित बैठक मे मुख्य बक्ता प्रवीण मिश्रा ने कहा कि जातियो मे बटकर हम आप हिंदू धर्म को भूल गये है।इसी के कारण दुसरे धर्म के लोगों के द्वारा जातियों मे मतभेद उत्पन्न कर हिंदू धर्म को कमजोर करने का काम किया जा रहा है हम परिवार की एकता को भुल गये है ,धार्मिक एकता बनाने मे पिछड गये है ,नशा पाश्चात्य सभ्यता का सामुदायिक रुप से विरोध करने की आवश्यकता है।स्वदेशी अपनाकर देश को आर्थिक रुप से मजबूत किया जा सकता है।विभिन्न समाजो की ओर से एस पी पटले पवार समाज, सुजीत राय कलार समाज, दिनेश यादव, दमोदर शुक्ला ब्राह्मण समाज, रमाशंकर महोबिया कठियावाड़ क्षत्रिय समाज की ओर से अपनी अपनी बात रखी गयी।

# सैलानियों को एक मादा तेंदुआ अपने तीन नन्हें शावकों के साथ बिना किसी डर के सड़क पर टहलती नजर आई

**सिवनी में पेंच टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान सैलानियों को एक मादा तेंदुआ अपने तीन नन्हे शावकों के साथ बिना किसी डर के सड़क पर टहलती नजर आई, जिसका वीडियो भी सामने आया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



यह वाकया तब हुआ जब पर्यटक जिप्सी में सवार होकर जंगल की सैर कर रहे थे। तभी अचानक मादा तेंदुआ अपने बच्चों के साथ झाड़ियों से बाहर निकली और कच्ची सडक़ पार करते हुए घने जंगल की ओर बढ़ गई। इस नजारे ने पर्यटकों को रोमांच से भर दिया और उनकी सफारी को हमेशा के लिए यादगार बना दिया।

पेंच नेशनल पार्क मध्य प्रदेश के सिवनी और छिंदवाड़ा जिलों के साथ-साथ महाराष्ट्र के नागपुर तक फैला हुआ है। इसे विश्व प्रसिद्ध लेखक रुडयार्ड किपलिंग की किताब द जंगल बुक की प्रेरणा स्थली माना जाता है। 1975 में राष्ट्रीय उद्यान और फिर टाइगर रिजर्व घोषित यह पार्क अपने घनेजंगलों और घास के मैदानों के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है।

**वन्यजीवों का सुरक्षित ठिकाना**

पेंच सिर्फ बाघों और तेंदुओं के लिए ही नहीं, बल्कि भालू, जंगली कुत्ते, चीतल, सांभर, नीलगाय और गौर जैसे जानवरों का भी घर है। पक्षी प्रेमियों के लिए भी यह किसी स्वर्ग से कम नहीं है, क्योंकि यहां पक्षियों की 250 से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं।

**कब और कैसे करें सैर?**

पर्यटन के लिहाज से पेंच का बहुत महत्व है। यहांसैलानी जीप और हाथी सफारी के जरिए कुदरत को करीब से देख सकते हैं। घूमने के लिए अक्टूबर से जून तक का समय

# सड़क हादसे में 64 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक सडक़ हादसे में 64 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बरोदा माल निवासी अक्तू लाल कन्हेरिया (64) मंगलवार सुबह करीब 8 बजे रविंद्र कुलस्ते नामक युवक के साथ साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। बरोदा पटरी ग्राम के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों साइकिल सवार सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे।

**गंभीर हालत में रेफर**

तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया।वहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने अक्तू लाल कन्हेरिया को मृत घोषित कर दिया। रविंद्र कुलस्ते की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि यह हादसा वाहन चालक की लापरवाही और तेज गति के कारण हुआ। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सडक़ पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ाने की मांग की है। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया ने बताया कि सडक़ हादसे में एक वृद्ध की मौत और एक के गंभीर घायल होने की सूचना मिली थी।

### नौ दिनों तक जिंदगी की लड़ाई के छपारा के देवेंद्र ने साथ छोड़ा

छपारा - नगर से आठ किलोमीटर दूर एन एच 44 फोरलेन सडक़ के बंजारी घाट पर विगत 29 मार्च को देर शाम नगर के डूंगरिया निवासी देवेंद्र रघुवंशी पिता विनोद रघुवंशी को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को ठोकर मारी जिसमें देवेंद्र को सिर पर गंभीर चोट आई जिसे परिजनों एवं मित्रों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां से स्वास्थ्य लाभ नहीं होने की दशा में देवेंद्र के परिजनों ने उसे नागपुर उपचार हेतु लेकर गए जहां नौवें दिन उसकी दुखद मौत हो गई बता दें देवेंद्र रघुवंशी को क्रिकेट पसंदीदा खेल प्रेम था।

# कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आंदोलन नौ अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आज अन्नदाता किसान काफी परेशानियों से जूझ रहा है। किसानों की गेहूँ की उपार्जन की तारीखे बार बार बढ़ाई जा रही है पहले 23 मार्च, फिर 01 अप्रेल, 10 अप्रेल, 15 अप्रेल बताई जा रही है।

प्रदेश सरकार ने सहकारी संस्थाओं से किसानों का ऋण वसूलने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की थी, प्रदेश की मोहन यादव सरकार के कुप्रबंधन के कारण लगभग 50 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हो गए है। किसान गेहूँ उपार्जन को लेकर अत्यधिक परेशान है। ऐसी स्थिति में किसान कृषि उपजमंडी में गेहूँ 2000 से 2200 रूपये के औने पौने दामों में बेचने मजबूर है, मध्यप्रदेश के पडौसी राज्य राजस्थान में 16 मार्च से गेहूँ उपार्जन किया जा रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण किये जाने प्रदेश की भाजपा सरकार को जगाने दिनांक 9 अप्रेल 2026, दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे, कचहरी चौक सिवनी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आंदोलन कर महामहिम राज्यपाल को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जायेंगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी, समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, सभी मोर्चा संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठो के अध्यक्ष, मंडलम, सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष, ग्राम एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिले की चारो विधानसभा के बीएलए साथियों सहित समस्त कांग्रेस जनों से किसान आंदोलन में अनीवार्य रूप से शामिल होने हेतु

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस 9 अप्रैल को: सिवनी में भव्य आयोजन, हजारों श्रद्धालु होंगे सम्मिलित

विश्व स्तर पर मनाए जाने वाले विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर 9 अप्रैल, गुरुवार को सिवनी जिले में भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**सिवनी जीतो चैप्टर से सुनील मालू द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस कार्यक्रम में देश ही नहीं बल्कि विश्व के 108 देशों के लाखों लोग एक साथ नवकार मंत्र का जाप करेंगे। साथ ही, इस भव्य आयोजन का 6000 मंदिरों एवं उपाश्रयों से सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इस आध्यात्मिक कार्यक्रम से जुड़ सकेंगे।**

सिवनी में भी इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है, वहीं 100 से अधिक मेगा इवेंट्स के माध्यम से इस दिन को विशेष रूप से मनाया जाएगा। यह आयोजन जीतो जिला लेडीज विंग द्वारा सिवनी में



स्थित दिगंबर जैन मंदिर के बाहुबली हॉल में आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने जिले के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्री नवकार महामंत्र (जिसे णमोकार मंत्र भी कहा जाता है) मानवता के लिए सबसे गहरा और पूजनीय मंत्र है। यह किसी वरदान की याचना नहीं, बल्कि गहन श्रद्धा का मंत्र है, जो उन आत्माओं को नमन करता है जिन्होंने आध्यात्मिक विकास की उच्चतम स्थिति प्राप्त की है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस मंत्र के नियमित जाप से मन को शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक बल प्राप्त होता है। इससे व्यक्ति के भीतर करुणा, सहनशीलता और आत्मज्ञान की भावना विकसित होती है। साथ ही, यह मंत्र तनाव को कम करने, पापों के नाश और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

इस पावन अवसर पर जीतो चैप्टर सिवनी द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों—सिवनी, बाल सुधारालय, छपारा, केवलारी, लखनादौन, घंसौर, धनोरा, पिंडरई, नैनपुर एवं बरघाट—में भी नवकार मंत्र का सामूहिक जाप आयोजित किया जा रहा है, जिससे पूरे जिले में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण का संचार होगा।

आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर नवकार मंत्र के सामूहिक जाप में भाग लेने का आग्रह किया है, ताकि विश्व में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सके।

# जिला यादव महासभा कोर ग्रुप की बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिल ।सम्मेलन,युवक-युवती परिचय,सामुहिक विवाह, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, वृद्ध जनों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह) को लेकर 05 अप्रैल दिन रविवार को डुंडा सिवनी स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में मई माह मै आयोजित कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई बैठक में आयोजित कार्यक्रम के लिए समितियो का गठन किया गया कोर ग्रुप कमेटी के सदस्यों के अलावा समाज के वरिष्टों को समितियां का दायित्व सोपा गया है। बैठक में जोर देकर यह निर्णय लिया गया कि जिले मै निवासरत समाज की हर वर्ग के व्यक्ति को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया जाएगा और समाज के हर घर पर



पहुंच कर कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया जाएगा। 24 मई दिन रविवार 2026 को होने वाले कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम में प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री समाज के गौरव डॉ मोहन यादव ,केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मध्य प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव चंद्रपाल यादव पूर्व राज्यसभा सांसद उत्तर प्रदेश झांसी पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव विधायक सचिन यादव जी विधायक अमर सिंह यादव , देवेंद्र यादव विधायक भिलाई, विधायक श्रीमती ललिता यादव पूर्व विधायक संजय यादवजी बरगी, शेषराव यादव जी जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा,संतोष यादव महापौर राजनंदगांव के अलवा समाज के और भी जनप्रतिनिधियों प्रदेश में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित कर सम्मान करने का निर्णय लिया गया।

**कार्यक्रम को लेकर समितियों का किया गया गठन:** मंच संचालन समिति के अध्यक्ष एड.अखिलेश यादव स्वागत समिति के अध्यक्ष महेश कुमार यादव, विनोद यादव प्रचार प्रसार समिति के अध्यक्ष रंजीत यादव कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष अरुण यादव पूर्व सरपंच बिंझावाड़ा भोजन व्यवस्था समिति के अध्यक्ष रमन यादव बाबू भैया निगरानी समिति के अध्यक्ष नंदू यादव आमंत्रण समिति के अध्यक्ष अरुण यादव के साथ किशोर यादवलखनादौन, संजय यादव लखनादौन, सुभाष यादव घंसौर, भरत यादव घंसौर,के के यादव सिवनी,रंजीत यादव बाबू भैया विनोद यादव अरुण यादव सिवनी को शामिल किया गया है।

# केवलारी में 'अल्पविराम कार्यक्रम' से अधिकारियों-कर्मचारियों ने सीखी आनंद की कला 'अल्पविराम कार्यशाला' से बढ़ी आनंद और सकारात्मकता की अनुभूति

**सिवनी/केवलारी।** जीवन की आपाधापी और कार्यदबाव के बीच एक क्षण का ठहराव ही आत्मसंतुलन का आधार होता है कृ इसी भाव को साकार करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं राज्य आनंद संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में "अल्पविराम कार्यक्रम" का आयोजन जनपद केवलारी के ठत्ब सभागार में किया गया।

यह आयोजन कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती अंजली शाह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका मूल उद्देश्य शासकीय एवं अशासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों में आनंद, आत्मचिंतन एवं सकारात्मकता की अनुभूति बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी के प्राचार्य डॉ.



एस.एन. डहेरिया, अध्यक्षता जनपद पंचायत केवलारी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रांजल पाठक ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संजय मिश्रा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन एवं मंगल प्रार्थना के साथ हुआ, जिससे वातावरण में शांति और सकारात्मकता का संचार हुआ।

मास्टर ट्रेनर श्रीमती नीलम विश्वकर्मा, सुश्री नैनवती बरकड़े, सुश्री श्रद्धा ठाकुर एवं श्री राकेश अग्रवाल ने प्रतिभागियों को संवादात्मक सत्रों के माध्यम से "आनंद की ओर", "जीवन का लेखा-जोखा" तथा "चिंता का दायरा दृ प्रभाव का दायरा" जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इन सत्रों में उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने विचारों को समझने, भावनाओं को संतुलित करने और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश आत्मसात किया।

# लोजपा (रा.) प्रदेश कार्यकारणी की बैठक में धरातल में वर्षों से कार्यरत कार्यकर्ताओं को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी

**केवलारी-** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) के प्रदेश महासचिव जबलपुर जोन प्रभारी स्थानीय निवासी सुनील डोंगरे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 5अप्रैल 2026 को शिमला फार्म हाउस, गौमठ गिरी एयर पोर्ट रोड इंदौर में राहुल मालाकार जिलाध्यक्ष लोजपा इंदौर के नैतृत्व मे मध्यप्रदेश लोकजन शक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेशाध्यक्ष हाजी नरुल्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्या अतिथि राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्यप्रदेश लोजपा (रामविलास) प्रभारी, शकील तिजोरीवाला की गरिमामई उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमें राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रदेश प्रभारी शकील तिजोरीवाला ने कहा कि बिहार में जैसा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का



प्रदर्शन रहा है, वैसे ही आगामी समय में मध्यप्रदेश में भी होगा,उसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व में लोजपा संस्थापक पदम विभूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की विचारधारा को आम जनमानस तक पहुंचाना है और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को पहुंचाना है। अपने वक्तव्य में प्रदेशाध्यक्ष हाजी नरुल्ला ने कहा कि प्रदेश के समर्पित पदाधिकारीगण, कार्यकर्ताओं को जो वर्षों से धरातल में कार्य कर रहे हैं,उनका सदैव सम्मान पार्टी करते रहेगी और उन्हें भविष्य में पार्टी की बड़ी जिम्मेदारी और सरकार में पार्टी की ओर से हिस्सेदारी भी दी जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रदेश पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस जिलेभर में अभूतपूर्व उत्साह, संगठनात्मक अनुशासन और भव्यता के साथ मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस जिलेभर में अभूतपूर्व उत्साह, संगठनात्मक अनुशासन और भव्यता के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय से लेकर सभी 27 मंडल मुख्यालयों और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इस दिन को संगठन समर्पण के उत्सव के रूप में स्थापित किया। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर भाजपा का ध्वज फहराया, सोशल मीडिया पर सेल्फी साझा की और पार्टी के प्रति अपने आत्मीय भाव का सार्वजनिक प्रदर्शन किया।

## डुण्डासिवनी पुलिस की कार्यवाही युद्ध स्तर पर

# डुण्डासिवनी थाना क्षेत्र में अपराधियों की अब खैर नहीं

### डुण्डासिवनी पुलिस की जुआ फड़ पर रेड कार्यवाही 2650 रुपये सहित 52 ताश के पत्ते जप्त

**मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना डुण्डासिवनी क्षेत्र अंतर्गत मंडला रोड कबीर वार्ड गोण्डी मोहल्ला के पीछे कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी चैनसिंह उइके के नेतृत्व मे थाना डुण्डासिवनी की टीम गठित कर जुआ रेड कार्यवाही की गई जो घेराबंदी कर 03 जुआडिओ को पकडने मे सफलता प्राप्त हुई। सभी जुआडियो से कुल 2650 रुपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किये गये। आरोपियो के विरुद्ध अपराध क्रमांक 178/26 धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।**

पकडे गये जुआरी मे शुभम पिता ज्ञानचंद यादव उम्र 28 साल नि. कबीर वार्ड डूण्डासिवनी, जगदीश पिता रमेश यादव उम्र 32 साल नि. कबीर वार्ड डुण्डासिवनी, आकाश पिता राजेन्द्र यादव उम्र 28 साल कबीर वार्ड डूण्डासिवनी। जप्ती मे कुल 2650 रुपये नकद, 02. 52 ताश के पत्ते।

### आपरेशन मुस्कान अभियान मे, डुण्डासिवनी पुलिस की सफलता: नाबालिग बालिका नागपुर से किया सकुशल दस्तयाब

सिवनी। पुलिस मुख्यालय व्दारा चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता नाबालिग बालक बालिकाओ के दस्तयाब हेतु हर संभव



थाना प्रभारी चैन सिंह उईक

प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन मे एवं ए.एस.पी. दीपक मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के निर्देशन व नेत्तृव मे कार्य करते हुए थाना डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया। दिनांक 05/04/2026 को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी 17 वर्ष 09 माह कि नाबालिग बालिका घर से अपने मामा के घर ग्राम कण्डीपार घूमने गयी थी जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 176/26 धारा 137 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उइके द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर अपहता बालिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी तकनीकी सहायता ली गयी जो अपहता का नागपुर कोराडी तरफ होने की सूचना मिलने पर थाना स्तर पर टीम गठित कर नागपुर तरफ रवाना होकर अपहता को दस्तयाब कर सिवनी लाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

**विशेष भूमिका:** निरी. चैनसिंह उडक़े, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, विनय चौरिया (सायबर सेल), आरक्षक, नितेश राजपूत, कृष्णकुमार भालेकर, प्रियंका डेहरिया ।

### धोखाधडी कर फरार आरोपी, को डूण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

थाना डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा वर्ष 2024 से धोखाधडी के प्रकरण मे फरार चल रहे आरोपी निखिल शुक्ला को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 23.09.2024 को प्रार्थी महेन्द्र पाल सिंह भाटिया निवासी लुघरवाडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि निखिल शुक्ला व अखिल शुक्ला के द्वारा जंगदबा सिटी में स्थित प्लाट व घर को अलग अलग व्यक्ति को रजिस्ट्री करना एंव बैंक से उसी प्लाट व घर के नाम से लोन लेकर धोखाधडी करने एंव प्रार्थी से भी इकरार नामा कर धोखाधडी करने कि रिपोर्ट पर थाना डुण्डासिवनी मे अपराध क्रमाक 417/24 धारा 420,120 (बी) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण मे तीन मूल रजिस्ट्री अलग अलग जगह उपयोग कर बेईमानी से लाभ प्राप्त करने का तथ्य सामने आने से साक्ष्यो के आधार पर धारा 467,468,471 भादवि का इजाफा किया गया। अखिल शुक्ला माननीय उच्च न्यायालय से जमानत पर है एंव घटना दिनांक से निखिल शुक्ला फरार चल रहा था जिसको दिनांक 06.04.2026 को मुखबिर की सूचना पर सिवनी से गिरफ्तार कर माननीय न्यायाल पेश किया गया न्यायालय द्वारा आरोपी निखिल शुक्ला को जेल निरुद्ध किया।

### प्रभारी मंत्री के निर्देश पर खुल रही; भारती ठाकुर ने मांगा लिखित प्रमाण

# नपाध्यक्ष के वार्ड में शराब दुकान का विरोध

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 24 में मंगलवार को रिहायशी इलाके में शराब दुकान खोलने के विरोध में स्थानीय महिलाएं और नागरिक सड़कों पर उतर आए। नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए चक्काजाम कर दिया।

प्रदर्शन के दौरान आबकारी अधिकारी ने दुकान खोलने को प्रभारी मंत्री का निर्देश बताया, जिस पर नपाध्यक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई।

वार्ड क्रमांक 24 में ओंकार बिसेन की दुकान में नई शराब दुकान प्रस्तावित है, जिसके ठीक बगल में राशन की दुकान संचालित है। स्थानीय निवासी निशा धुवारे ने बताया कि इस क्षेत्र में दुर्गा मंदिर, आईजी कार्यालय और एक सार्वजनिक उद्यान है। घनी आबादी वाले इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूल-कॉलेज के छात्र गुजरते हैं, जिससे सुरक्षा का खतरा बना रहेगा।

विरोध स्थल पर पहुंचे आबकारी अधिकारी इक्का ने कहा कि यह दुकान प्रभारी मंत्री के निर्देश पर खोली जा रही है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया में कलेक्टर, एसपी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का समन्वय शामिल है। हालांकि, अधिकारी ने किसी विशिष्ट जनप्रतिनिधि का नाम लेने से परहेज किया, जिससे विवाद और गहरा गया।

इसपर नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने प्रशासन से लिखित सहमति पेश करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि उनके नाम का उपयोग किया जा रहा है, तो



विभाग प्रमाण सार्वजनिक करे। भारती ठाकुर ने घोषणा की कि जब तक रिहायशी इलाके से शराब दुकान हटाने का निर्णय नहीं होता, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

## बालाघाट में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन तथा उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहॉ के नेतृत्व में जिले में अवैध रेत खनन व परिवहन पर निरंतर व सख्ती से कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी कडी में 07 अप्रैल को खनिज विभाग के निरीक्षक बसंत पाटिल एवं कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भटेरा में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को बिना नंबर प्लेट के अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।सुश्री फरहत जहॉ ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) बालाघाट परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि संबंधित वाहन द्वारा किया जा रहा रेत परिवहन मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के नियम 3 का उल्लंघन है। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## 125 आवेदकों ने दिये अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 07 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 125 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे। जनसुनवाई में सरस्वती नगर बालाघाट की सरिता घनश्याम मुरकुटे शिकायत लेकर आयी थी कि सेंट्रल बैंक शाखा खैरी भटेरा के ब्रांच मैनेजर द्वारा उससे अत्यधिक ब्याज वसूलने, पीएम आवास योजना के तहत ब्याज दर में छूट प्रदान न करने तथा वर्ष 2021 से होम लोन की किश्तों से 03 लाख रुपये से अधिक की राशि वसूली जा रही है। सरिता ने बताया कि वह शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय चरेगांव में पदस्थ है और उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सेंट्रल बैंक शाखा खैरी भटेरा से लोन स्वीकृत किया गया था। किंतु बैंक मैनेजर द्वारा उसे योजना के तहत ब्याज दर में छूट नही प्रदान की गई। इसके साथ ही उससे लोन की किश्तों से ऋण का ब्याज लगभग वर्ष 2021 से प्रतिमाह वसूला जा रहा है, लेकिन ऋण राशि में किसी तरह की कटौती नही की जा रही है। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

जनसुनवाई में बालाघाट गुजरी चौक के सब्जी विक्रेता संघ द्वारा शिकायत की गई कि गुजरी में सब्जी की दुकान लगाने वाले दुकानदारों से निर्धारित राशि से अधिक की वसूली की जा रही है। उन्होंने बताया कि गुजरी चौक बालाघाट के ठेकेदारों द्वारा अब तक गुजरी चौक में सब्जी दुकान लगा रहे दुकानदारों से 10 से 20 रुपये तक की वसूली की जाती थी। किंतु अब ठेकेदारों द्वारा गुजरी चौक में बैठकी के 50 से 60 रुपये लिए जा रहे है। इस प्रकरण में सीएमओ बालाघाट को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। वारासिवनी तहसील के ग्राम कोचेवाही निवासी बुधराम माहेश्वर शिकायत लेकर आये थे कि जनगणना के दौरान उसके घर के सामने गणना क्रमांक एवं मकान नंबर नही लिखा गया है। बुधराम ने बताया कि गणना के लिए आये अधिकारियों द्वारा परिवार की गणना तो की गई किंतु मकान में सर्वे क्रमांक मकान नंबर नही दर्ज किया गया। अतः बुधराम ने शीघ्र उसके मकान में सर्वे क्रमांक व मकान क्रमांक लिखने की मांग की है। इस प्रकरण में तहसीलदार वारासिवनी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

## बिरसा और किरनापुर के गांवों में की गई जल गुणवत्ता की जांच

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के विकासखंड बिरसा के ग्राम बाहकल एवं विकासखंड किरनापुर के ग्राम धड़ी में जल गुणवत्ता परीक्षण और स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट द्वारा फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से ग्राम पंचायत, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल स्त्रोतों की मौके पर जांच की गई। एफटीके उपयोगकर्ताओं ने जल के नमूनों की जांच कर ग्रामीणों को इसकी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। अभियान में



सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी को जल परीक्षण की विधि और इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। परीक्षण के दौरान पानी में क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड और पीएच जैसे महत्वपूर्ण मानकों की जांच की गई।

अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी जल नमूने में दूषण पाया जाता है, तो उसे विस्तृत जांच के लिए जिला या ब्लॉक स्तर की प्रयोगशाला में भेजा जाता है। इस दौरान जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। ग्रामीणों, शिक्षकों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया और सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूकता बढ़ाई। प्रशिक्षण के बाद ग्राम पंचायतों को एफटीके किट वितरित की गईं, ताकि वे नियमित रूप से अपने क्षेत्र के जल स्त्रोतों की जांच कर सकें। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्रुति गजभिये, फनीश रंगारे एवं पीएमयू से हरीश झा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### चना खरीदी के लिए मंडी स्तर पर बनाये गये हैं 08 केन्द्र

# जिले में समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी 30 मार्च से की जा रही है, 28 मई तक की जायेगी चना की खरीदी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चना उपार्जन का कार्य 30 मार्च 2026 से प्रारंभ हो गया है, जो 28 मई 2026 तक जारी रहेगा। इस वर्ष चना का समर्थन मूल्य 5875 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए जिले के 2609 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में चना की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए कुल 08 केन्द्र बनाये गये हैं।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि सेवा सहकारी समिति पायली द्वारा कृषि उपज मंडी बालाघाट (गोंगलई), सेवा सहकारी समिति कायदी द्वारा कृषि उपज मंडी समिति वारासिवनी, सेवा सहकारी समिति खैरलांजी द्वारा कृषि उपज मंडी खैरलांजी (किन्ही), सेवा सहकारी समिति मिरेगांव द्वारा कृषि उपज मंडी लालबर्रा (बकोड़ा), सेवा सहकारी समिति बनेरा द्वारा कृषि उपज मंडी कटंगी, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था उकवा द्वारा कृषि उपज मंडी बैहर (मोहगांव), आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था परसवाड़ा द्वारा कृषि उपज मंडी रसवाड़ा एवं सेवा सहकारी समिति मांझापुर द्वारा कृषि उपज उपमंडी कनकी में चना की खरीदी की जा रही है। जिला प्रशासन ने जिले के सभी पंजीकृत किसान भाइयों से अपील की है कि वे ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक कर अपनी सुविधा अनुसार निर्धारित खरीदी केन्द्रों पर चना विक्रय करें।

## वर्षा घोड़ेश्वर की आज मनाई जाएगी पुण्यतिथि

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

नगर के वार्ड नंबर 13 वर्षा सदन घोड़ेश्वर वाद्य यंत्र संग्रहालय बुढ़ी निवासी वर्षा घोड़ेश्वर की प्रथम पुण्य तिथि 8 अप्रैल को मनाई जाएगी। वर्षा घोड़ेश्वर का जन्म 5 मई 1984 को हुआ था। जिनके निधन को एक वर्ष होने पर पहली पुण्य तिथि मनाई जाना है। इस पुण्य तिथि पर नाते रिश्तेदार आकर



श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पुण्यतिथि कार्यक्रम में पहुंचने की अपील जी.आर. घोड़ेश्वर पिता, गीता घोड़ेश्वर माता, प्रमोद घोड़ेश्वर बड़े भाई, रज्जू घोड़ेश्वर बड़ी भाभी, संतोष घोड़ेश्वर छोटे भाई, योगिता घोड़ेश्वर छोटी भाभी, बरखा घोड़ेश्वर बड़ी बहन, प्रियांशी भतीजी, संप्रिता सिया भतीजी एवं समस्त घोड़ेश्वर परिवार ने की है।

## इको क्लब द्वारा दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**हरिभूमि न्यूज बैहर।**

शासकीय अरण्य भारती स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैहर के इको क्लब द्वारा, महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लिए गए गोद ग्राम पिपरिया में बौरी बंधन किया गया l इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य



जल संरक्षण का संदेश देना है l यह कार्य महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी. एल. चौहान के निर्देशानुसार किया गया l इस गतिविधि में ग्राम पिपरिया के सरपंच, सचिव एवम् राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की नोडल अधिकारी डॉ. आरती धूपकारीयl, रसायन विज्ञान की सहायक प्राध्यापक राजेश्वरी त्रिपाठी, जंतु विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. बाबू शशिकांत मौर्य, आदि का महत्व पूर्ण सहयोग रहा तथा इको क्लब के विद्यार्थी एवम् NSS के वालंटियर अंजनीसिंह, राजधोदरे, हेमकुमार, रेनित मरावी, संजना धुर्वे,अक्षय ऐड पूनम पांडे, किशन मरावी, सुरेश सैयाम, रंजीत गणवीर, जीनत खान, विजय मरावी आदि छात्र/छात्राओं ने बौरी बंधन के अलावा नाले की साफ सफाई की तथा ग्राम पिपरिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रैली निकाल कर नारे एवम् स्लोगन के द्वारा ग्रामीणों को गंगा जल संवर्धन का एक संदेश दिया l इस गतिविधि में इको क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. भान सिंह बारेला सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान ने गोद ग्राम पिपरिया के रहवासियों को एवम् समस्त छात्र/छात्राओं तथा महाविद्यालय परिवार को इस नेक कार्य में सहयोग देने के लिये धन्यवाद एवम् आभार व्यक्त किया।

# आज अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा बालाघाट धरना देकर निकालेगा शिक्षक स्वाभिमान रैली



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

प्रदेश स्तर पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के गठन पश्चात लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश के समस्त जिलों में 8 अप्रैल को धरना,रैली व ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इसी क्रम में बालाघाट जिले में भी 3 अप्रैल 2026 को अध्यापक शिक्षक संघो के समस्त जिलाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक मोती तालाब गार्डन में संपन्न हुई। आशीष बिसेन संयोजक एवं एमन्त ठाकरे सदस्य अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा बालाघाट द्वारा जानकारी दी गई कि बैठक में जिले के शिक्षा विभाग के सभी संगठन मे आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, शासकीय शिक्षक संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, राज्य शिक्षक संघ, एन.एम.ओ.पी.एस संघ, खेलकूद शिक्षक संघ, ट्राईबल वेलफेयर एसोसिएशन संघ, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस संघ, म. प्र.राज्य कर्मचारी संघ सम्मिलित रहे। इन्होंने आगे बताया कि सभी जिला अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी संगठन के जिलाध्यक्ष संयुक्त मोर्चा के संयोजक होंगे एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें 08 अप्रैल दिन बुधवार को बालाघाट जिले में मुलना स्टेडियम के सामने दोपहर 12:00 बजे से जिलास्तरीय धरना देकर शिक्षक स्वाभिमान रैली निकालकर व शाम 4:00 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर महोदय को माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा। इसके पश्चात 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर धरना कार्यक्रम आयोजित कर सभी स्थानीय विधायक, मंत्री एवं सांसदों को समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। इसके बाद भोपाल स्तर पर दिनांक 18 अप्रैल को भोपाल में प्रदेश स्तरीय व्यापक धरना, एवं मुख्यमंत्री अनुरोध रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख मांगे :-1) टीईटी परीक्षा निरस्त करने। 2) नवीन शिक्षक संवर्ग की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना किये जाने की मांग। सभी संगठनों के संयोजकों द्वारा जिले के समस्त शिक्षा जगत के कर्मचारियों, बंधुओ एवं बहनों से अपील की गई है कि दिन बुधवार 8 अप्रैल को 01 दिन का अवकाश लेकर दोपहर 12:00 बजे मुलना स्टेडियम ग्राउंड बालाघाट के सामने धरना स्थल पर अपने अस्तित्व को बचाने एवं अपनी सेवा अवधि की गणना नियुक्ति दिनांक से करवाने की मांग में सम्मिलित होंगे।

### अभिभावकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# पहले प्रवेश दिया अब बोल रहे टीसी लेकर जाओ

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शिक्षा पर सभी का समान अधिकार है और यह प्रत्येक बच्चे का एक संवैधानिक भी अधिकार है। बावजूद इसके सरकारी नियमों में उलझाकर बच्चों को उनके इस संवैधानिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है। मामला बालाघाट जिले के तहसील मुख्यालय कटंगी के शासकीय सांदीपनि विद्यालय से जुड़ा हुआ है। यहां पर अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्राइवेट स्कूल से आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा हैं। वहीं जिन विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान प्रवेश दिया जा चुका था। अब ऐसे विद्यार्थियों के अभिभावकों से शिक्षक संपर्क कर उन्हें अपने बच्चों की टीसी वापस लेकर जाने की बात कह रहे है। शिक्षकों के द्वारा अभिभावकों को बच्चे का प्रवेश निरस्त होने की जानकारी दी जा रही है। जबकि ऐसा कोई नियम नहीं है। सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता ने अब ऐसे विद्यार्थियों को भी प्रवेश देने से साफ इनकार कर दिया है। जिनका चयन सूची में नाम आ चुका है। प्राचार्य ने लोक शिक्षण संचालनालय के नियमों का हवाला देते हुए बताया कि सांदीपनि स्कूल में पहली प्राथमिकता पोषक शालाओं के विद्यार्थियों को दी जानी है। इधर, बच्चों को प्रवेश नहीं मिलने



और प्रवेश के बाद टीसी वापस लेने की बात कहें जाने से अभिभावक परेशान है। अभिभावकों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के.सी.ठाकुर को ज्ञापन सौंपते हुए सभी बच्चों को प्रवेश दिलाने की मांग रखी है। एसडीएम ने अभिभावकों को भरोसा दिया है कि वह शिक्षा विभाग के अधिकारियों से चर्चा करेंगे।

सांदीपनि स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही है। आरोप यह भी है कि सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य प्राइवेट स्कूलों के दबाव में प्राइवेट स्कूल के बच्चों को सांदीपनि स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश नहीं दे रहे है। हालांकि सांदीपनि के प्राचार्य इन आरोपों से साफ इनकार करते है। वह लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों के अनुसार ही प्रवेश दिए जाने की बात कहते है।

**यह है लोक शिक्षण संचालक के आदेश:** लोक शिक्षण संचालक प्रमोद सिंह ने एक आदेश जारी किया है। यह आदेश नवीन भवन पूर्ण होने वाले/ नवीन भवन में संचालित सांदीपनि विद्यालयों में आकांक्षी नामांकन के अनुसार प्रवेश के संबंध में है। सबसे पहले आकांक्षी नामांकन को आसान भाषा में समझ लीजिए। आकांक्षी नामांकन के लिए सबसे पहले स्कूल को यह निर्धारित करना होता है कि उसके पास विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था के क्या प्रबंध है। इसी व्यवस्था के आधार पर स्कूल प्रवेश के लिए सीटें निर्धारित करता है यह आकांक्षी नामांकन कहे जाते है जो स्कूल तय करता है। आदेश कहता है कि जहां नए भवन पूर्ण होने वाले है या नवीन भवन में स्कूल संचालित हो रहे है। ऐसे सांदीपनि स्कूल में नामांकन को पुनरीक्षित किया जाना है जो विभाग द्वारा तय किया जाता है। यानी आकांक्षी नामांकन और पुनरीक्षित नामांकन के मध्य जो सीटें रिक्त है। उन रिक्त सीटों पर शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाना। जबकि नवीन विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए 08 अप्रैल 2025 की प्रवेश्ज्ञ नीति ही अपनाई जा रही है। यह प्रवेश नीति सीएम राइज विद्यालय में विद्यार्थियों को नवीन प्रवेश देने के लिए शासकीय विद्यालय में प्रवेश के पश्चात शेष रिक्त सीटों पर दूरी के बढ़ते क्रम में 1, 2 और 3 किमी. में निवासरत विद्यार्थियों को प्रवेश की बात कहती है। इसी प्रवेश नीति के आधार पर सांदीपनि स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया और अब उनके प्रवेश निरस्त किए जा रहे है। जिसका अभिभावक विरोध कर रहे है। इधर, कथित तौर प्राइवेट स्कूल लोक शिक्षण संचानालनालय के द्वारा जारी आकांक्षी नामांकन के आदेश को तोड़-मरोड़कर इसे सरकारी स्कूलों के बच्चों के प्रवेश के लिए ही जारी आदेश बता रहे है। इस पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को दखल देते हुए स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए ताकि अभिभावकों के साथ सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य के बीच जो भ्रम की स्थिति बनी हुई है वह दूर हो सकें।

### इनका कहना है

मेरे बच्चे का 04 अप्रैल को ही स्कूल में प्रवेश हो चुका है अब टीसी वापस लेकर जाने के लिए कहा जा रहा है। अब बच्चे को कहा लेकर जाएं पूछने पर बताया जा रहा है कि प्रवेश निरस्त कर दिया गया है।

**देवराज नागोसे**
**अभिभावक**

मेरे बच्चे का छटवीं कक्षा में प्रवेश हुआ था दो दिन से कक्षा में बैठ भी रहा है। अब प्रवेश निरस्त करने की बात कहीं जा रही है।

**दानेन्द्र नेवारे**
**अभिभावक**

**//नाम परिवर्तन सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं राजू यादव निवासी ग्राम करमसर्रा तह. बैहर जिला बालाघाट का निवासी हूं। मेरा नाम ड्राइविंग लाईसेंस में राजू सिंह यादव(Raju Singh Yadav) हैं, जो कि गलत हैं। जबकि सभी दस्तावेजों में मेरा नाम राजु यादव (Raju Yadav) लिखा हुआ हैं। जो कि सही व सत्य हैं। अतः मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में Raju Singh Yadav के स्थान पर Raju Yadav सुधार किया जाएं एवं लिखा व पढ़ा जावें।